**No. 391-53/2018-STG-III**
**Government of India**
**Ministry of Communications**
**Department of Telecommunications**

*419, Sanchar Bhawan, 20, Ashoka Road,*
*New Delhi – 110001, Dated the 17th July, 2018*

To

1. CMD, BSNL
2. CMD, MTNL
3. CMD, BBNL
4. Advisor/ Sr. DDG All LSAs/TEC

**Subject: Filling up of two posts of Member in the Competition Commission of India.**

Sir/Ma'am

I am directed to enclose a copy of letter from Ministry of Corporate Affairs dated 19.06.2018 on the subject mentioned above and to say that Bio-data of willing and suitable officers, complete in all respects as mentioned below, may be forwarded to the undersigned positively by 18.07.2018 and scanned copy on **rahul.yadav90@gov.in**

i. Bio-data of officers including posting details for last 10 years, duly certified by the administrative authority, **maintaining the service book**.
ii. Copy of the Annual Property Return for the year 2017 submitted by the officer may also be enclosed.
iii. Duly certified photocopies of the ACRs for the last five years (**2012-13 to 2016-17**) by an officer of equivalent rank not below the rank of SDE/DET. **Without the same, application will not be entertained**.

**Applications not fulfilling the above criteria will not be entertained.**

2. Applicants may be also advised to go through the above mentioned Advt carefully before applying.

**Encls : a/a**

**(Chandan Kumar)**
**Section Officer (STG III)**
**Tele No. 23036876**

**Copy to**

1. All DDGs/Director, DoT HQ
2. Shri N K Sharma, STG-II Section with request to place the circular (with enclosures) on the website of DoT.

Signature Not Verified

Digitally signed by Chandan Kumar
Date: 2018.07.17 15:19:19 IST

स्पीड पोस्ट द्वारा
दूरभाष: 2338 5285

संख्या- कॉम्प-05/9/2018-कॉम्प-एमसीए
भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

5वां तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 19 जून, 2018

सेवा में,

(i) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों (अखिल भारतीय सेवाओं एवं समूह 'क) केन्द्रीय सेवाओं के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी);
(ii) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।

विषय: भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में सदस्य के दो पदों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु।

*****

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) में सदस्य के दो पदों, जिनके जल्द ही रिक्त होने की संभावना है, को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 में प्रावधान है कि सीसीआई का सदस्य योग्य, ईमानदार एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा तथा वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, वाणिज्य, विधि, वित्त, लेखाशास्त्र, प्रबंधन, उद्योग, लोक मामले अथवा प्रतिस्पर्धा कानून एवं नीति सहित प्रतिस्पर्धा विषयों, जो केन्द्र सरकार की राय में इस आयोग के लिए उपयोगी हो सकती हैं, का विशेष ज्ञान रखता हो और उसे ऐसे विषयों का कम से कम पंद्रह वर्ष का व्यवसायिक अनुभव हो।

3. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य की सेवा के निबंधन एवं शर्तें समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2003 के द्वारा विनियमित की जाती हैं। सदस्य कार्यग्रहण की तारीख से पाँच वर्षों की अवधि के लिए पद पर रहेंगे तथा वे पर्ननियुक्ति के पात्र होंगे परंतु वे 65 वर्ष की आयु के बाद पद पर नहीं रहेंगे। सदस्य का समेकित वेतन 4 लाख रुपए (चार लाख रुपए) प्रतिमाह होगा। वे आवास एवं वाहन के हकदार नहीं होंगे।

4. केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के पात्र अधिकारी, जो इच्छुक हों और जिन्हें चयन होने की दशा में कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन पत्र निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विभागाध्यक्ष (जहां लागू हो) द्वारा यथाविधि सत्यापित/प्रति हस्ताक्षरित कर अग्रेषित किए जाएं:

(i) श्री/श्रीमती ______________________ के विरूद्ध कोई सतर्कता, अनुशासनिक या आपराधिक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(iii) आवेदक की पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की विधिवत् अधिप्रमाणित प्रतियां।

(iv) पिछले दस वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाई गई प्रमुख/गौण शास्ति, यदि हो, की सूची/कोई शास्ति नहीं प्रमाण पत्र

5. पूरे न किए गए आवेदन पत्र अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. उन उम्मीदवारों को जो पहले से ही सरकारी सेवा में हों, चयन की स्थिति में, पदभार संभालने से पहले सरकारी सेवा से त्यागपत्र देना होगा/सेवानिवृत्ति लेनी होगी।

7. चयनित आवेदक को नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने के एक माह के अंदर कार्यभार ग्रहण करना अपेक्षित होगा।

8. **अनुलग्नक-I** में दिए गए फार्मेट में विधिवत् पूर्ण आवेदन पत्र दिनांक 02.08.2018 (सायं 05.30 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी (श्री अभिजीत फुकोन, उप सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा संख्या 527, 'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001 के पास पहुंच जाने चाहिएं।

9. आवेदन प्रपत्र मंत्रालय की वेबसाइट (www.mca.gov.in), भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की वेबसाइट (www.cci.gov.in) या कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट (http://persmin.nic.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**भवदीय,**

अभिजीत फुकन

**(अभिजीत फुकोन)**
**उप सचिव**

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार।**

## भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में दो सदस्यों के पद हेतु आवेदन का प्रपत्र

| नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. | पिता का नाम/माता का नाम | |
| 3. | जन्म तिथि (प्रमाण संलग्न करें) | |
| 4. | (i) पत्र व्यवहार के लिए डाक पता (पिन कोड सहित)<br>(ii) दूरभाष संख्या<br>(iii) ई-मेल आईडी<br>(iv) फैक्स | |
| 5. | राष्ट्रीयता<br>(केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं) | |
| 6. | शैक्षणिक योग्यता (स्वसाक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें) | |
| 7. | सेवा/कैडर/बैच<br>(सरकारी कर्मचारी के मामले में) | |
| 8. | वर्तमान तैनाती/कार्य/व्यवसाय के साथ वेतनमान और मूल वेतन | |
| 9. | पूर्व तैनाती/रोजगार का विवरण (अवधि सहित) और किए जा रहे कार्यों की प्रकृति | |
| 10. | पद के लिए विहित पात्रता के अनुसार विशेषज्ञता का क्षेत्र और उसमें अनुभव के वर्षों की संख्या | |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | कोई अन्य विशेष योग्यता; या विशेष उपलब्धि; या महत्वपूर्ण समितियों; कार्य समूहों आदि में भागीदारी; अथवा विदेशी नियुक्तियों/प्रशिक्षण; अथवा प्रकाशन; अथवा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मान्यताएं, यदि हों। | |
| 12. | जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं है, उसके मामले में जिम्मेदार स्थिति वाले दो पहचानकर्ताओं (जो रिश्तेदार न हो) के नाम और उनका पता, दूरभाष संख्या तथा ई-मेल आईडी संलग्न किया जाए। | |

**वचन-पत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना सही है और मेरे चयन होने की दशा में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति से पूर्व मैं सरकारी सेवा सहित वर्तमान रोजगार या व्यवसाय से त्याग पत्र दे दूंगा या सेवानिवृत्ति ले लूंगा।

स्थान:
दिनांक:

(तिथि सहित हस्ताक्षर)
नाम ________________

**निर्देश :**

1. सेवारत सरकारी अधिकारियों के मामले में संवर्ग नियंत्रक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा **अनुलग्नक-"क"** में जारी प्रमाणपत्र आवेदन प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।
2. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/स्वायत्त संस्थानों सहित सरकारी अधिकारियों के आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाएं।
3. आवेदक किसी भी सूचना के लिए, जिसमें संबद्ध कॉलम में उल्लेख करना संभव न हो, अतिरिक्त कागज संलग्न कर सकते हैं।
4. चयनित व्यक्ति को चिकित्सा जांच हेतु उपस्थित होना होगा, यदि केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाती है।
5. अधूरी सूचना वाले या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. चयनित आवेदक को नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने के एक महीने के भीतर कार्यग्रहण करना होगा।

**अनुलग्नक "क"**

**संवर्ग नियंत्रक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए जाने वाला केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त प्रमाण-पत्र**

(i) श्री/श्रीमती ____________________________ के विरूद्ध कोई सतर्कता, अनुशासनात्मक या आपराधिक प्रक्रिया लंबित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) आवेदक की पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर भी विहित रूप से प्रमाणित प्रतियां संलग्न है।

(iv) मुख्य/गौण शास्तियों की सूची, यदि कोई हो, जो आवेदक पर पिछले 10 वर्षों के दौरान आरोपित किए गए हों/कोई शास्ति नहीं प्रमाणपत्र।

(तिथि सहित हस्ताक्षर)

नाम ____________________________

**स्थान:**

**दिनांक:**

**अनुलग्नकों की सूची:**

1.
2.
3.
4.
5.